सार-समाचार

सोलो डांस में अक्षया प्रथम

उदयपुर, (कासं)। शानदार नृत्यों की प्रस्तुति और गायकी के साथ साथ फैशन का धमाल ये नजारा था पेसिफिक मेडिकल विश्वविधालय के सांस्कृतिक फेस्टिवल 'स्पंदन 2024' का। कार्यक्रम में विश्वविधालय के लगभग 500 से ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया।विद्यार्थियों ने रिमिक्स गाने पर डांस की दमदार प्रस्तुती देकर विद्यार्थियों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस महोत्सव ने विद्यार्थियों को कला और सांस्कृतिक धरोहर के प्रति प्रेम व्यक्त करने का एक शानदार मंच प्रदान किया। फेस्टिवल का उद्घाटन विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन राहुल अग्रवाल,प्रिसिडेंट डॉ.एम.एम. मंगल,पीएमसीएच के डीन डॉ.उम्मेद सिंह परिहार,डेन्टल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.रवि कुमार,नर्सिंग कॉलेज के डीन डॉ.के.सी. यादव,फिजियोथेरेपी कॉलेज के डॉ.जफर खान,ऑक्यूपेशनल थेरेपी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.विशाल शर्मा,पैरामेडिकल कॉलेज के डॉ.अभिषेक शर्मा,असिस्टेंट डीन स्टूडेंट वेलफेयर नीरज चपलोत और कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ईशा श्रीवास्तव ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण करके किया। इस अवसर पर चेयरपर्सन राहुल अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेलों का आयोजन विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह न केवल उन्हें मानसिक शांति देता है, बल्कि उनके व्यक्तित्व को भी निखारता है। इस वर्ष के स्पंदन 2024 में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया, जिनमें सोलो डांस, सोलो सॉन्ग, ठ्रुप डांस, और फैशन शो जैसी श्रेणियाँ शामिल थीं। कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिससे पूरा माहौल रंगीन और जीवंत हो उठा।सोलो डांस में अक्षया ने पहला स्थान,सूरज सोनी ने दूसरा स्थान तो वहीं आकांक्षा और प्राची तीसरे स्थान पर रहे। ग्रुप डांस में लवीना एण्ड ग्रुप प्रथम, नायो एण्ड ग्रुप द्वितीय और सागर और साहिल तीसरे स्थान पर रहे।

करंट से संविदाकर्मी की मौत

उदयपुर,(कासं)। विद्युत कार्य करते समय करंट लगने से संविदा कर्मी की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर आए ठ्रामीणों ने शव लेने से इनकार कर जीएसएस का घैराव किया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सांय जिले के बैकरिया थाना क्षैत्र देवला जीएसएस पर काम करते समय करंट लगने से उदयलाल पुत्र अमराराम निवासी पालछ की करंट लगने से मौत हो गई। उदयलाल विद्युत विभाग में संवदि पद पर था एवं जीएसएस पर काम कर रहा था। अचानक करंट लगने से झुलसने पर उसकी मौकेप र ही मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर आए मृतक के परिजनों एवं ठ्रामीणों ने परिवार के एक सदस्य को नौकरी एवं मुआवजा देने की मांग करते हुए जीएसएस को घर लिया। इधर सूचना मिलने पर बैकरिया थानाधिकारी उत्तमसिंह ने मौके पर पहुंच कर विद्युत विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलवाया है। जिनकी मृतक के परिजनों एवं प्रतिनिधी मंडल से बातचीत हो रही है। समाचार लिखे जाने तक शव जीएसएस पर पड़ा हुआ था।

विद्यार्थियों ने ली तंबाकू निषेध की शपथ

उदयपुर, (कासं)। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर गुरुवार को विद्यार्थियों को तम्बाकू निषेध की शपथ दिलवाई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने उदयपुर जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र जैन के साथ समन्वय कर समस्त 20 खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि गुरुवार को स्कूलों में प्रार्थना सभा के समय तम्बाकू मुक्त जीवन संबंधित शपथ दिलाई जाए। इसकी पालना स्वरूप आज जिले के तीन हजार से अधिक विद्यालयों में प्रार्थना सभा के समय एक साथ लाखों विद्यार्थियों ने तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ ली।सीएमएचओ ने बताया कि जिले में 60 दिवसीय तंबाकू फ्री यूथ केम्पेन का आयोजन किया जा रहा है इसके तहत सभी विद्यालयों एचिकित्सा संस्थानोंए पंचायत समिति और सरकारी कार्यालयों में समय.समय पर तंबाकू निषेध संबंधी शपथ दिलाई गई।उदयपुर जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र जैन ने बताया कि चिकित्सा विभाग द्वारा चलाए जा रहे तंबाकू फ्री युवा कैंपेन के तहत सभी विद्यालय परिसर तंबाकू मुक्त घोषित किये जाए एवं वहां कार्यरत विद्यार्थी एवं स्टाफ को तंबाकू नहीं खाने की शपथ दिलाई जाए।

बिरसा मुंडा को किया याद

बांसवाड़ा, (निसं)। ग्राम पंचायत खेरडाबरा में भगवान बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में चीब, खेरडाबरा गांव के युवा, बुजुर्ग बडी संख्या में उत्साह के साथ सम्मिलित हुए। युवा भरत निनामा ने बताया कि बिरसा मुंडा आदिवासियों के लिए भगवान से बढकर हैं इन्हीं के आन्दोलन की वजह से देश में ऐसा कानून बना जिसकी बदौलत आज आदिवासियों के पास जीवनयापन के लिए कुछ जमीन बची है एवं इस कानून भूमि अधिग्रहण अधिनियम के तहत आदिवासी की जमीन गैर आदिवासी के नाम नहीं हो सकती हैं। इस अवसर पर कैलाश आदिवासी, विक्रम निनामा, करण, दिपक, बाबूलाल, कालुराम, नानजी सेठ, मोहन, अर्जुन, रितेश, कानजी, नागेन्द्र, बक्सु, रमण आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। इधर ट्राईबल केयर सेवा संस्थान की जिला कार्यकारिणी सदस्यों ने राष्ट्रीय आदिवासी गौरव भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर 15०वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई।

अन्नकूट महोत्सव का आयोजन

भीण्डर, (निसं)। भीण्डर के चांदपोल स्थित प्रसिद्ध मंशापूर्ण हनुमान मन्दिर बगीची वाले पर शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। जय बजरंग सत्संग मण्डल के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर दोपहर 3 बजे से भव्य छप्पनभोग अन्नकूट मंशापूर्ण हनुमान जी को धराकर दर्शन शुरू हुए।

टोल प्लाजा पर सुरक्षाकर्मी की मौत, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

राजसमंद, (निसं)। जिले के केलवा थाना क्षेत्र के मांडावाडा टोल प्लाजा पर सुरक्षाकर्मी की मौत के बाद इलाज नहीं करवाने व आहत परिवार को मुआवजे की बात को लेकर गुरुवार रात से शुरू हुआ गतिरोध करीब 16 घंटे बाद थम गया। शुक्रवार सुबह से प्रधान अरविंदसिंह राठौड, डीएसपी ज्ञानदें सिंह राठौड की मध्यस्थता में कई दौर की वार्ता टोल कंपनी व सिक्यूरिटी कंपनी के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता हुई। दोपहर दो बजे परिजनों व टोल कंपनी के बीच सहमति बनने पर शव को उठाने पर ग्रामीण रजामंद हुए।

केलवा थाना प्रभारी लक्ष्मणराम विश्नोई ने बताया कि मांडावाडा निवासी

■ **मृतक की पत्नी को पेंशन व परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने पर बनी सहमति**

राजसमंद के मांडावाडा टोल प्लाजा पर सुरक्षाकर्मी की मौत पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

40 वर्षीय रायसिंह पुत्र सोहनसिंह राठौड टोल प्लाजा मांडावाड पर ही सुरक्षाकर्मी की नौकरी करता था। वह गुरुवार को शाम 4 बजे ड्यूटी पर आया और रात करीब दस बजे तबीयत खराब होते ही मौके पर उसकी मौत हो गई। जिसकी सूचना ग्रामीणों को मिलने पर मौके पर पहुंचे जहां पर परिजनों ने टोल प्लाजा प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि अगर समय पर मृतक को उपचार मिल जाता तो मौत नहीं होती। टोल पर एंबुलेंस और मेडिकल की सुविधा समय को उपलब्ध नहीं होने के चलते ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त था। घटना के बाद लोग आक्रोशित हो गए। ग्रामीण लकडी लेकर आ गए और टोल कार्यालय के बाहर शव के अंत्येष्टि करने के प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समझाइश की गई। फिर टोल कंपनी के अधिकारियों ने भी पीडित परिवार व ग्रामीणों से वार्ता की। जिस पर परिजन, ग्रामीण व टोल कंपनी के बीच 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता, मृतक की पत्नी को पेंशन दिलाने व परिवार के एक सदस्य को नौकरी पर भी सहमति बनी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सुपुर्द किया।टोल प्लाजा पर कार्यरत सुरक्षाकर्मी रायसिंह राठौड की मौत के बाद आक्रोशित मांडावाडा के साथ आसपास के गांवों से बडी तादाद में ग्रामीण धरने पर बैठ गए। प्रधान अरविंदसिंह राठौड, खटामला सरपंच हिम्मतसिंह चुंडावत, बामन टुकडा सरपंच लहरीलाल दवे, समाजसेवी दिनेश बडाला, महेंद्रसिंह चौहान, देवीसिंह राठौड, घनश्याम सिंह पुठिया सहित ग्रामवासी मौजूद थे। थाना प्रभारी केलवा लक्ष्मणराम विश्नोई ने बताया कि सुरक्षाकर्मी की मौत के बाद ग्रामीण उग्र हो गए थे लेकिन जनप्रतिनिधि, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समझाइश की गई तो गतिरोध खत्म हो गया।

गुरू नानक जयंती मनाई

डूंगरपुर, (निसं)। झूलेलाल भवन में सिंधी समाज द्वारा गुरू नानक देव जयंती बडे धूमधाम से मनाई गई मिडिया प्रभारी सुनील भठीजा ने बताया आज के दिन सुबह से ही झुलेलाल मन्दिर में दर्शनार्थी की भीड रही सुबह 10 से 12 बजे तक जप जी साहब का पाठ समाज एवं देश की खुशहाली के लिए किया गया दोपहर 12 बजे भोग साहब एवं अरदास आरती पश्चात प्रसाद वितरण किया गया इसके बाद दोपहर 1 बजे से महा प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया जिसमें सर्व प्रथम तपस मन्द बुद्धि स्कूल के बच्चों को भोजन कराया गया। इसके पश्चात समाजजन ने भोजन किया गया आज के दिन सिंधी समाज के प्रतिष्ठानो पर अवकाश पर रखा गया इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष अशोक कालरा वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिकिशन भगतानी उपाध्यक्ष सुनील भठीजा आदि मौजूद रहे।

विदेशी महिला पर फायरिंग करने वाले दुबारा रिमाण्ड पर

उदयपुर,(कासं)। सुखेर थाना पुलिस ने थाईलेण्ड निवासी युवती पर फायरिंग करने के मामले में गिरफ्तार चार आरोपियों को पुलिस ने दुबारा 18 नवंबर तक के लिए रिमाण्ड पर लिया। पुलिस ने आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त कार बरामद की तथा हथियार की तलाश की जा रही है।

शहर के सुखेर थानाधिकारी हिमांशुसिंह राजावत ने गत दिनों विदेशी महिला पर फायरिंग करने के मामले में गिरफ्तार पुलिस रिमाण्ड पर चल रहे अक्षय खुबचंदानी पुत्र दीपक खुबचंदानी निवासी ई क्लास शिव मंदिर के पीछे प्रतापनगर, राहुल पुत्र महेन्द्रसिंह गुर्जर निवासी मीणा वास स्वरूपगंज सिरोही, ध्रुव पुत्र इन्द्र प्रकाश सुहालका निवासी मीरा नगर भुवाणा हॉल हर्ष नगर, महिम पुत्र नंदकिशोर चौधरी निवासी आदर्श नगर युनिवर्सीटी रोड़ को न्यायालय में पेश किया। जहां से सभी को रिमाण्ड अवधी पूरी होने पर न्यायालय में पेश किया। जहां से सभी को 18 नवंबर तक के लिए पुलिस रिमाण्ड पर भेजा है। पुलिस ने पूछताछ में आरोपियों की निशान देही से वारदात में प्रयुक्त अक्षय खुबचंदानी की कार को हाइवे पर ढाबे के पिछे विरान हालत में पडी होने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके से कार बरामद की है। जबकि पिस्टल की तलाश की जा रही है। वारदात के बाद भागते समय जिस स्थान पर पिस्टल फैकने की जानकारी दी है। उस स्थान एव आस पास इलाके में तलाश की लेकिन हथियार नहीं मिला।

उल्लेखनीय है कि 9 नवंबर रात में सुखेर थाना क्षैत्र स्थित होटल रत्नम पैलेस में शराब पीने के दौरान थाईलेण्ड निवासी युवती के साथ शराब पीने के दौरान छेडछाड़ की घटना होने पर युवती ने राहूल को काट खाया तथा नाखूनों से खरोच दिया था। जिससे आवेश में आकर राहूल ने फायर कर उसे घायल कर दिया तथा कार में डाल कर उसे बेदला स्थित पैसिफिक चिकित्सालय में उपचार के लिए छोड कर फरार हो गए थे।इसकी सूचना मिलने पर पुलिस की टीमों ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर चारों आरोपियों को राहूल गुर्जर, ध्रुव, अक्षय व महिम को अहमदाबाद से गिरफ्तार किया था।

उपराष्ट्रपति धनखड़ जनजाति गौरव महोत्सव में भाग लेंगे

उदयपुर, (कासं)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शनिवार 16 नवंबर को एक दिवसीय दौरे पर उदयपुर आएंगे।

जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने बताया कि उपराष्ट्रपति 16 नवम्बर को सुबह 11.10 बजे इंडियन एयर फोर्स के स्पेशल एयरक्राफ्ट से डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वे यहां से आईएएफ के विशेष हेलीकॉप्टर से कोटड़ा स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे और यहां से सड़क मार्ग से कोटड़ा के वनवासी कल्याण आश्रम पहुंच कर वहां भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। उपराष्ट्रपति धनखड़ यहां से 1:50 बजे पुन: कोटड़ा हेलीपैड पहुंचेंगे और वहां से आईएएफ के विशेष हेलीकॉप्टर से रवाना होकर 2:30 बजे उदयपुर एयरपोर्ट आएंगे। वे उदयपुर एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से हुए मोहनलाल सुखाड़िया विवि पहुंचेंगे। दोपहर 3 बजे एमएलएसयू के विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। यहां से शाम 4:25 बजे उदयपुर एयरपोर्ट पहुंचकर 4:30 बजे इंडियन एयर फोर्स के स्पेशल एयरक्राफ्ट से दिल्ली के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

रक्तदान किया

उदयपुर,(कासं)। शहर के प्रमुख समाजसेवी एवं बिजनेस सर्कल इण्डिया के संस्थापक मुकेश माधवानी ने शनिवार को फील्ड क्लब में आयोजित रक्तदान शिविर में 25वीं बार रक्तदान किया।

महाराणा महेन्द्र सिंह मेवाड की स्मृति में आयोजित विशेष रक्तदान शिविर में मुकेश माधवानी ने समाज के सभी लोगों से रक्तदान को बढावा देने की अपील की । इस अवसर पर फील्ड क्लब के सचिव उमेश मनवानी, ट्रेजरार कमल मेहता, एग्जीक्यूटिव भानुप्रताप सिंह एवं अभिषेक कालरा मौजूद थे।

सार-समाचार

सड़क हादसे में बच्ची की मौत

उदयपुर,(कासं)। डबोक थाना क्षैत्र में हुए सडक हादसे में बच्ची कीमौत हो गई तथा युवक सहित दो जने घायल हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार डबोक थाना क्षैत्र हाइवे पर सर्विस लाईन पर दो बाइक की आमने सामने भिडंत हो गई। हादसे में बागथल वल्लभनगरनिवासी प्रज्ञात उर्फ पंछी (7) पुत्री शांतिलाल की मौत हो गई तथा गोपाल प्रजापत (22) तथा प्रवीण (10) गंभीर घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए निजी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। गुरूवार सांय गोपाल अपनी भतीजी प्रज्ञा एवं भतीजे प्रवीण को बाइक पर उदयपुर से गांव जाने के लिए रवाना हुआ। जहां बीच में पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवाने के पश्चात सर्विस लाईन से निकल रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही अन्य बाइक ने टक्कर मार दी थी। हादसे की सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल भूपेन्द्र ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

हमलावर गिरफ्तार

उदयपुर,(कासं)। वाहन चलाने की बात को लेकर विवाद होने पर चाकू से कार चालक पर हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार पीडित मोहित डांगी पुत्र रामलाल डांगी निवासीछाली खेरवाड़ा हॉलइन्द्रप्रदस्थ बी गली नं. 9 सविना सेक्टर 14 ने उस्मान गनी पुत्र. मोहम्मद इब्राहिम के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 14 नवंबर को कार लेकर सविना स्थित ओम फर्नीचर दुकान पर जा था एवं आरोपी स्कूटी पर सामने से आ रहा था। इस दौरान वाहन चलाने की बात को लेकर कहासूनी होने पर मारपीट हो गई । इस दौरान आरोपी ने स्कूटी की डिटी से चाकू निकाल हमला कर दिया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर सूरजपोल थाना एएसआई लालसिंह ने पुलिस ने आरोपी उस्मान गनी को गिरफ्तार किया।

सूने मकन से जेवरात चोरी

उदयपुर,(कासं)। शहर के सूरजपोल थाना क्षैत्र में सूने मकान का अज्ञात चोर ताला तोड़ कर सोने चांदी के जेवरात व नकदी चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शास्त्री मार्ग मैन रोड़ अशोक नगर सुख सागर के सामने रहने वाले शिरिष पुत्र जम्बूकुमार दोशी ने सूरजपोल पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि मैं परिवार सहित बाहर गया था। वापस 13 नवंबर को लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ एवं कमतरों में सामान बिखरा पड़ा था। तलाशी ली तो सोने के तीन हार, चूड़िया, मंगलसूत्र, 2 ब्रासलेट, 9 अंगुठियां, चैन दो, कार के दो जोड़ी टॉप्स, सोने के चार जोड़ी पेड़ल, सोने की करुडी सहित करीब 180 ग्राम सोने के जेवर तथा चांदी के सिक्के, ग्लास, कटोरी, चम्मच, कडे, प्लेट, पायल, बिछियां सहित करीब 2 किलों चांदी तथा 30 -35 हजार रूपये नकदी गायब थी।

झांसा देकर नकदी हड़पी

उदयपुर,(कासं)। सुखेर थाना पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर पीडित से नकदी हडपने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित कैलाश चन्द्र पुत्र मोतीलाल डांगी निवासी महाराज की खेडी डबोक ने आरोपी कालुराम डांगी बनोड़ा सलूम्बर, हिमांशु निवासी तीतरड़ी,गौरव निवासी अहमदाबाद सहित अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मैं ठेकेदारी का काम करता हूं एवं आरोपियों सं सेपर्क होने से उन्होंने दुबई में ठेकेदारी काम करने के लिए भेजने की बात कही। इसके लिए मेरे खातें में करीब 10 लाख रूपये जमा करवाए । एक वर्ष पूर्व आरोपियों ने धोखे से नकदी निकलवा कर हडप ली। इस पर उगाही करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देना शुरू कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

युवक ने की आत्महत्या

उदयपुर,(कासं)। विषाक्त वस्तु सेवन कर युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्रापत जानकारी के अनुसार हिरणमगरी थानाक्षैत्र बलिचा गोवर्धन विलास निवासी हिम्मतसिंह सिसोदिया (35)पुत्र सुरेशसिंह सिसोदिया ने गुरूवार को विषाक्त वस्तु का सेवर कर लिया। इसका पता चलने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए एमबी चिक्तिसालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल सुरेश ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

कोयले से भरा ट्रेलर पलटा

उदयपुर,(कासं)। गोगुन्दा थाना क्षैत्र में कोयले से भरा अनियंत्रित ट्रेलर पलट गया। हादसे में चालक व खलासी गंभीर घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुजरात से कोयले से भरा ट्रेलर लेकर चालक चित्तोडगढ की तरफ जा रहा था। जहां शुक्रवार सांयगोगुन्दा थाना क्षैत्र कीर्तिराज हौटल के समीप हाइवे पर ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे चालक व खलासी घायल हो गए। इसकी सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल अशोक मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच कर चालक व खलासी को बाहर निकाल 108 की मदद से उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। चालक व खलासी के नाम का एवं हादसे के कारणें का पता नहीं चल पाया।

शिल्पग्राम में लोक प्रस्तुतियों ने मनमोहा

उदयपुर,(कासं)। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा के 15०वीं जयंती पर राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव का आगाज शुक्रवार को शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी रंगमंच पर सायं 6 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि मन्नालाल रावत सांसद उदयपुर, विशिष्ठ अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उदयपुर डॉ. एस.एल. बामणिया थे।

आदिवासी अस्मिता और स्वाभिमान का पर्याय हैं बिरसा मुण्डा : मीणा

उदयपुर, (कासं)। प्रदेश के राजस्व एवं उपनिवेशन मंत्री तथा उदयपुर जिले के प्रभारी हेमन्त मीणा ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा आदिवासी समाज की अस्मिता और स्वाभिमान का पर्याय हैं। ब्रिटिश सरकार की दमनकारी नीतियों के विरूद्ध आदिवासी समाज को संगठित कर क्रांति का बिगुल बजाने वाले बिरसा मुण्डा युगों युगों तक जनजाति गौरव का प्रतीक रहेंगे।

प्रभारी मंत्री मीणा शुक्रवार को भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के तत्वावधान में नगर निगम के दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित जिला स्तरीय जनजाति गौरव दिवस समारोह को बतौर मुख्य

■ **भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती मनाई**

जनजाति गौरव दिवस के जिलास्तरीय कार्यक्रम में लाभार्थी को कार्ड वितरित करते प्रभारी मंत्री हेमन्त मीणा, सांसद डॉ मन्नालाल रावत व विधायक फूलसिंह मीणा।

अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में उदयपुर सांसद डॉ मन्नालाल रावत, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन भी बतौर अतिथि मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री मीणा ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा के योगदान को याद करने के लिए केंद्र सरकार ने वर्ष 2021 में उनके जन्मदिन 15 नवम्बर को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाए जाने की पहल की है। आज भगवान बिरसा मुण्डा का 150वां जन्मोत्सव है। इसे पूरे देश में मनाया जा रहा है। राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम बिहार में जबकि राज्य स्तरीय समारोह बांसवाड़ा में आयोजित किया गया। इसके अलावा प्रत्येक जिला व ब्लॉक स्तर पर भी भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती पर विशेष कार्यक्रम हो रहे हैं।

सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से आदिवासी समुदाय की संस्कृति को अक्षुण्य बनाए रखते हुए उन्हें मुख्य धारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है। उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने केंद्र व राज्य सरकार की ओर से जनजाति समाज के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित होने का आव्हान किया। कार्यक्रम के दौरान जमुई बिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में आयोजित जनजाति गौरव दिवस राष्ट्रीय समारोह का सीधा प्रसारण भी किया। अतिथियों ने भगवान बिरसा मुण्डा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की उपायुक्त रागिनी डामोर ने कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के संबंध में बताते हुए कहा कि देश भर के आदिवासी बहुल गांवों में समेकित विकास तथा सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है। इसमें जनजाति समाज के लिए जनजाति छात्रावास की बालिकाओं तथा लोक कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर वारसिंह, सीएमएचओ डॉ शंकर एच बामणिया, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक संजय जोशी, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ शरद अरोड़ा, उपनिदेशक डॉ सुरेंद्र छंगाणी सहित आदि उपस्थित रहे।

रैली निकाली

डूंगरपुर, (निसं)। आदिवासी महापुरुष बिरसा मुंडा की जयंती और कलेक्ट्रेट पर आदिवासियों की मांगों को लेकर दिए जा रहे धरने के 10 साल पूरे होने पर शेड्यूल एरिया संघर्ष समिति की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर शहर में रैली निकाली गई। कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

शेड्यूल एरिया संघर्ष समिति के आव्हान पर आदिवासियों की विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को लोग डाइट परिसर में एकत्रित हुए। इसके बाद शेड्यूल एरिया संघर्ष समिति की ओर से आदिवासी महापुरुष बिरसा मुंडा की जयंती और कलेक्ट्रेट पर आदिवासियों की मांगों को लेकर दिए जा रहे धरने के 10 साल पूरे होने पर रैली निकाली गई। शेड्यूल एरिया संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शंकरलाल कटारा के नेतृत्व में रैली डाइट परिसर से रवाना होकर एसबीपी कॉलेज, शास्त्री कॉलोनी, पुराना बस स्टैंड, तहसील चौराहा, सर्किट हाउस, पंचायत समिति होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची।

जहां पर आदिवासियों की विभिन्न मांगों को लेकर शेड्यूल एरिया संघर्ष समिति की ओर से कलेक्ट्रेट स्थित धरनास्थल पर प्रदर्शन किया। प्रदेशाध्यक्ष शंकरलाल कटारा ने बताया कि टीएसपी क्षेत्र में जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण की मांग को लेकर साल 2013 से कलेक्ट्रेट पर धरना दिया जा रहा है। वहीं कई बार शासन से लेकर प्रशासन तक को ज्ञापन दिए गए, लेकिन सरकार की ओर से कोई समाधान नहीं निकाला गया। शेड्यूल एरिया संघर्ष समिति ने जिला कलेक्टर को राष्ट्रपतिए राज्यपाल, एसटी आयोग के अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौंपा।

'बिरसा मुण्डा ने सामूहिक भागीदारी से आगे बढ़ने का दिया संदेश'

भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि के कुलपति सभागार में मनाई।

उदयपुर, (कासं)। भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती पर शुक्रवार को जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई गई।

बिरसा मुण्डा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत ने कहा कि बिरसा मुंडा ने जल जंगल जमीन का नारा दिया और कहा कि इस मातृभूमि पर हर वर्ग का अधिकार है। बिरसा मुण्डा एक युवा स्वतंत्रता सेनानी और जनजातीय समुदाय के नेता थे। बिरसा मुंडा ने सामंती व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन किया। जमीदारी प्रथा व अंठोजी साम्राज्य के विरुद्ध एक बड़ी लडाई लड़ी। बिरसा ने ब्रिटिश मिशनरियों और धर्मांतरण गतिविधियो के खिलाफ एक बड़ा धार्मिक आंदोलन खडा किया जिसे उलगुलान नाम दिया गया। उन्होंने जल, जंगल, जमीन और आदिवासियों के लिए बहुत काम किया। उनका नारा था संघर्ष से ही जीत होती है समर्पण से नहीं।उन्होंने कहा कि संस्कृति स्थिर नहीं है; यह एक विकसित होती यात्रा है जिसके लिए हमें बदलती दुनिया के साथ तालमेल बिठाते हुए अपनी परंपराओं को अपनाना और उनकी रक्षा करना आवश्यक है। जनजातीय गौरव दिवस हमारे पारंपरिक समुदायों के साहस, उनके अद्वितीय दृष्टिकोण और हमारी सांस्कृतिक पच्चीकारी में उनके योगदान को सम्मान प्रदान करने का दिवस है। बिरसा मुंडा सहित आदिवासियों ने अपने रीति-रिवाजों और शिल्पकला से हमारे राष्ट्र को समृद्ध किया है। जनजातीय समुदायों ने प्रकृति के प्रति सम्मान और गहरी जड़ों वाली परंपराओं के मूल्यों के साथ एक ऐसा उदाहरण स्थापित किया है जो पीढ़ियों और समुदायों में गुंजायमान होता है। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, पीठ स्थविर निजी सचिव केके कुमावत, डॉ. नजमुद्दीन, सावरिया लाल धाकड़ सहित कार्यकर्ताओं ने मुण्डा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।